(c) by when Government propose to set up such a Commission; and

(d) what are the other demands of the Federation of Indian Journalists ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI K. P. SINGH DEO): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Since the recommendations of the Second Press Commission are still to be implemented in their entirety, the setting up of a new Press Commission at this stage would be premature.

(d) The other demands of the Federation include constitution of a new Wage Board, Pension Scheme for working journalists and other newspaper employees and fixation of retirement age at 60 years etc.

मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों को दूरदर्शन नेटवर्क में शामिल करना

1518. श्री अजीत जोगी : सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश के आदिवासी क्षेत्रों विशेषत: मध्य प्रदेश के सिवनी, नरसिंहपुर और जबलपुर जिलों को दूरदर्शन नेटवर्क में शामिल करने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो इन क्षेत्रों को कब तक दूरदर्शन नेटवर्क में शामिल किए जाने की संभावना है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) और (ख) जी, हां। हालांकि मध्य प्रदेश के सिवनी, नरसिंहपुर एवं जबलपुर जिलों के भागों को सिवनी, नरसिंहपुर तथा मुरवाड़ा (जिला जबलपुर) में कार्यरत अल्प शक्ति ट्रांसमीटरों और जबलपुर स्थित उच्च शक्ति (1 कि०वा०) ट्रांसमीटर से पहले से ही टी०वी० सेवा प्राप्त हो रही है, तथापि 1994-95 के दौरान जबलपुर स्थित विद्यमान 1 कि०वा० ट्रांसमीटर की शक्ति 10 मे०वा० तक बढ़ाए जाने और गाडरवारा (जिला नरसिंहपुर) में एक नए अल्प शक्ति ट्रांसमीटर को चालू किए जाने के बाद इन जिलों में टी०वी० सेवा काफी सुदृढ़ हो जाएगी।

छोटे समाचारपत्रों को विज्ञापन देने संबंधी नीति की समीक्षा

1519. श्री अजीत जोगी : सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के जिला स्तर के लघु समाचारपत्रों के लिए विज्ञापन देने संबंधी अपनी नीति की समीक्षा की है ;

(ख) यदि हां, तो नई निति की मुख्य विशेषताएं क्या-क्या हैं;

(ग) क्या सरकार को छोटे समाचार पत्रों से विज्ञापन देने के संबंध में कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इस संबंध में क्या कदम उठा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री के०पी० सिंह देव) : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय को समय-समय पर विभिन्न समाचारपत्रों से उनको और अधिक विज्ञापन देने हेतु अभ्यावेदन प्राप्त होते रहते हैं।

(घ) नीति-निर्देशों के मैरामीटरों के अन्तर्गत विज्ञापन अपेक्षाओं तथा बजटीय प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन और दृश्य प्रचार निदेशालय की अनुमोदित सूची में शामिल सभी श्रेणियों के अखबारों को विज्ञापन जारी किए जाते हैं।